**IN THE COURT OF PRINCIPAL DISTRICT JUDGE**
**BHOJPUR AT ARA**

**Presiding Officer- Sri Purushottam Mishra**
**Miscellaneous. No. 105 of 2025**
**Om Prakash singh & Ors Vs Prabhans Singh & Ors**

| Date of Order Proceeding | Order with Signature of the Court | Office action taken with date |
|---|---|---|
| 27.05.2026 | आवेदक की पैरवी है। वाद पुकारा गया है। पुकार पर आवेदक के विद्वान अधिवक्ता उपस्थित है। आवेदक के विद्वान अधिवक्ता का कथन है कि यह विविध वाद आवेदक द्वारा इस आशय से दाखिल किया गया है कि विद्वान द्वितीय जिला न्यायाधीश के न्यायालय में वसीयतनामा वाद संख्या–8 / 2008 में दिनांक–23.05.2013 को बंद बक्सा में कागजात प्रदर्श अंकित कराने के समय आया तब पता चला कि अभिलेख पर कागजात उपलब्ध नहीं है। वादी के द्वारा आवेदन दाखिल कर न्यायालय में गुम कागजातों को खोजने हेतु विद्वान न्यायालय द्वारा उस आवेदन पर आदेश किया गया लेकिन बहुत खोज–बीन होने के बाद भी कागजात नहीं मिल पा रहा है तथा इस वाद से संबंधित कागजात की छायाप्रति अभिलेख पर उपलब्ध है। ऐसी स्थिति में उक्त कागजातों को पुनः निर्माण करने की कृपा किया जाए। जिससे वाद का निस्पादन अविलम्ब हो सके।<br><br>सुना, उपरोक्त वर्णित तथ्यों एवं परिस्थितियों के विचारोपरांत आवदेक द्वारा दाखिल विविध वाद संख्या–105 / 2025 स्वीकृत किया जाता है। इस आवदेक के आलोक में वसीयतनामा वाद संख्या–08 / 2008 पर उपलब्ध कागजातों की छायाप्रति को पुनः निर्माण करने का आदेश दिया जाता है। विद्वान द्वितीय जिला न्यायाधीश इस वाद से संबंधित कागजातों की छायाप्रति इस न्यायालय को प्राप्त कराया जाए ताकि संबंधित कागजातों का पुनः निर्माण किया जा सके। कार्यालय आदेश की प्रति विद्वान न्यायालय को अग्रिम कार्यवाही हेतु अग्रसारित करें तथा अभिलेख को अभिलेखागार में संचित करें।<br><br>पुरूषोत्तम मिश्र<br>प्रधान जिला न्यायाधीश | |